# पंचकठिया/बाबूपुर, बरहेट, साहबिगंज में दुग्ध शीतक केंद्र का उद्घाटन

## चर्चा में क्यों?

29 जून, 2022 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पंचकठिया/बाबूपुर, बरहेट, साहबिगंज में दुग्ध शीतक केंद्र का उद्घाटन किया।

## प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन केंद्रों में दुग्ध कलेक्शन कराने वालों दूध की उचित कीमत मिलेगी और राज्य सरकार बाजार मूल्य 2 रुपए प्रति लीटर सम्मान राशि भी देगी।
- साथ ही, मेधा डेयरी में निर्मित दुग्ध उत्पादों का आँगनबाड़ी केंद्रों में इस्तेमाल किया जाएगा।
- किसानों और दुग्ध उत्पादकों को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में गाँवों में दुग्ध शीतक केंद्र खोले जा रहे हैं।
- पशुपालकों द्वारा दुग्ध शीतक केंद्रों में जो दूध उपलब्ध कराया जाएगा, उसकी राज्य के बड़े डेयरी प्लांटों में प्रोसेसिंग की जाएगी। इसके उपरांत दूध और दूध से बने उत्पादों को राज्य के हर इलाके में बिक्री के लिये भेजा जाएगा। इन उत्पादों को बाज़ार उपलब्ध कराने का सरकार काम करेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/milk-cooling-center